>

Title: Need to ensure availability of fertilizer to farmers in Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि पूरे उत्तर प्रदेश में खाद की कमी है। कृषक परेशान एवं असहाय हैं, आलू की बुआई बिना खाद के करनी पड़ी। तत्काल में गेहूं के बुआई का समय है। किसानों को घंटों तक लाइन में खड़ा रहने के बावजूद खाद उचित मूल्य पर नहीं मिल पा रही है और अधिक मूल्य से खरीदनी पड़ रही है । पूरे उत्तर प्रदेश के किसान के साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा के किसानों में भी आक्रोश व्याप्त है। अतः सरकार से मांग है कि खाद की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही साथ बिजली-पानी की भारी किल्लत है। इसकी भी व्यवस्था कराने की कृपा करें जिससे कि किसानों की समस्या का निदान हो सके।